# नहाय खाय के साथ लोक आस्था का महापर्व शुरू

## ● सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद संपन्न होगा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद


हिंडन नदी के किनारे बने छठ घाट श्रद्धालुओं के लिए पूरी तरह तैयार।

सूर्य की उपासना का महापर्व छठ पूजा पर्व नहाय खाय के साथ शुरू हुआ। चार दिन तक चलने वाला लोक आस्था का यह महापर्व सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद संपन्न होगा। छठ के पहले दिन व्रतियों ने स्नान करने के उपरांत सूर्य को जल अर्पण कर अरवा चावल, चने की दाल और कद्दू की सब्जी बनाकर उसे ग्रहण किया और परिजनों में प्रसाद का वितरण कर व्रत का संकल्प लिया।

पहले दिन व्रती इस प्रसाद को ग्रहण कर अपने शरीर को सात्विक और पवित्र बनाते हैं। दूसरे दिन निर्जला उपवास के बाद गुड़ की खीर के साथ रोटी ग्रहण करते हैं। इससे व्रती का शरीर पूरी तरह से सात्विक हो जाता है। फिर उसी स्थिति में 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो जाता है और अस्ताचलगामी सूर्य और उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देते हैं। 18 नवंबर शनिवार को खरना के साथ व्रती 36 घंटे के उपवास की शुरुआत करेंगे। 19 नवंबर रविवार की शाम अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे और 20 नवंबर सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ का समापन होगा। छठ पर्व सूर्य की उपासना का महापर्व माना जाता है। इस पर्व में भगवान सूर्य के साथ छठी माई की पूजा.उपासना विधि-विधान के साथ की जाती है। यह सबसे कठिन व्रतों में से एक माना जाता है। इस पर्व में आस्था रखने वाले लोग साल भर इसका इंतजार करते हैं।

धार्मिक मान्यता है कि छठ का व्रत संतान प्राप्ति की कामना, संतान की कुशलता, सुख.समृद्धि और उसकी दीर्घायु के लिए किया जाता है। छठ पूजा का प्रसाद रखने के लिए बांस की दो बड़ी-बड़ी टोकरियां, व्रती के लिए नए कपड़े, ठेकुआ, बांस या पीतल का सूप, दूध और जल के लिए लोटा, तांबे का कलश, दो बडी टोकरी, पूजा थाली, दीपक, खाजा, गुजिया, गुड, दूध से बनी मिठाईयां, लड्डू, दूध, जल, शहद, गंगाजल, चंदन, धूपबत्ती, चावल, सिंदूर, कुमकुम, नारियल, कलावा, कपूर, मिट्टी के दीए, तेल और बाती, सुपारी, फूल, पांच पत्ती लगे हुए गन्ने, केले, सिंघाडा, ऋतुफल, सुथनी, शकरकंदी, अनाज, गेंहू, चावल, आटा आदि का इस्तेमाल किया जाता है।

## नगर आयुक्त ने किया छठ घाट का निरीक्षण

**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने अधिकारियों के साथ मिलकर हिंडन छठ घाट का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त के साथ निर्माण विभाग के चीफ इंजीनियर एके चौधरी, हेल्थ अफसर डॉ. मिथिलेश कुमार आदि अधिकारी मौजूद रहे। नगर आयुक्त ने छठ घाट का बारीकी से निरीक्षण किया। साथ ही साफ-सफाई आदि के लिए भी बंदोबस्त को देखा। आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि वह पूजा अर्चना के दौरान जरूरी तरह की व्यवस्था बनाकर रखे।

## हिंडन नदी में छठ पूजा स्नान पर रोक से इनकार

**गाजियाबाद।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गाजियाबाद में प्रदूषित हिंडन नदी में छठ पूजा पर स्नान करने से रोक लगाने से इनकार कर दिया है। हाईकोर्ट ने कहा है कि याची ने आने में देरी कर दी। छठ पूजा में कुछ ही दिन शेष बचे हैं। इसलिए जनहित याचिका पर इतनी जल्दी सुनवाई नहीं हो सकती। दरअसल, गाजियाबाद में प्राचीन शनिदेव मंदिर गंगा घाट के महंत मुकेश गोस्वामी ने जनहित याचिका इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल की थी। याची के अधिवक्त अनिल कुमार तिवारी ने हाईकोर्ट को बताया कि गाजियाबाद में हिंडन नदी प्रदूषित है। लोग स्नान करेंगे तो इससे संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका है। याची ने दिल्ली में यमुना नदी में छठ पूजा स्नान पर रोक का हवाला दिया और ऐसी ही रोक गाजियाबाद में भी लगाने की मांग की। मुख्य न्यायमूर्ति प्रीतिकंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की खंडपीठ ने इस याचिका पर हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए शुक्रवार को इसे कर दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### डासना को निगम में शामिल कराने के लिए लिखा पत्र

**गाजियाबाद।** लोनी, खोडा, कनावनी के बाद अब डासना नगर पंचायत को भी नगर निगम में शामिल किए जाने की कवायद शुरू हो गई है। क्षेत्रीय सांसद व केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉण्वीके सिंह ने इस सम्बंध में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। पत्र में केन्द्रीय राज्यमंत्री ने प्रदेश सरकार से डासना नगर पंचायत क्षेत्र के विकास और उत्थान के लिए इसे गाजियाबाद नगर निगम क्षेत्र में शामिल किया जाने का अनुरोध किया है। बता दें कि खोडा, लोनी और कनावनी को नगर निगम क्षेत्र में शामिल करने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजी जा रही है। डासना नगर पंचायत में वर्तमान में वोटर्स की संख्या 35 हजार 326 है। नगर पंचायत में वार्डो की संख्या 15 है। लोनी में 55 और खोडा में 34 वार्ड हैं। कनावनी क्षेत्र को एक ही वार्ड बनाया जाएगा। जिला प्रशासन की ओर से भी वर्तमान वार्ड संख्या की रिपोर्ट भेजी गई है।

### शिप्रा रिवेरा में चित्रगुप्त पूजा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में शिप्रा कायस्थ महासभा ने 20वां कलम दावत व चित्रगुप्त पूजन समारोह धूमधाम से श्रद्धापूर्वक मनाया। इसका आयोजन शिप्रा रिवेरा सोसाइटी इंदिरापुरम में संपन्न हुआ। महासभा के दो दशक पूरे होने पर भी इस इस बार आयोजन को लेकर भारी जोश और उत्साह रहा। आयोजनों की श्रंखला 14 नवंबर की शाम से प्रारंभ हो गई थी। पहले दिन बच्चों की विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गईं। स्पोर्ट्स, ड्राइंग, डिबेट, क्विज, क्रिएटिव राइटिंग, स्पीकिंग, कविता आदि में बच्चों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। 15 नवंबर को कलम.दवाज की पूजा हुई। समारोह स्थल पर ही भव्य पंडाल बनाकर भगवान श्री चित्रगुप्त की बड़ी प्रतिमा स्थापित की गई। 100 से ज्यादा कायस्थ परिवारों ने एकसाथ बैठकर पूजा.अर्चना की। इसके बाद प्रसाद वितरण हुआ। आयोजक समिति में मुख्य रूप से अनुरंजन श्रीवास्तव, डॉ विवेक कुमार, प्रकाश कर्ण, प्रमोद श्रीवास्तव, कमलेश कर्ण, विवेक वर्मा, पुनीत सक्सेना, धीरज सहाय, नम्रता वर्मा, शैलजा श्रीवास्तव, दीपा श्रीवास्तव, दीप्ति श्रीवास्तव आदि का सहयोग रहा।

### मुर्गी फार्म में मिला मालिक का शव



**गाजियाबाद।** थाना मसूरी क्षेत्र के नाहल गांव में मुर्गी फार्म में मुर्गी फार्म मालिक का शव मिला। मौत कैसे हुई, इसका अभी तक पता नहीं चला है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण पता चलेगा। 36 साल के शहनवाज अपने मुर्गी फार्म में रहते थे। यह मुर्गी फार्म शहनवाज और उनके दो भाइयों का है। ग्रामीण बताते हैं कि शहनवाज इसी फार्म हाउस में रहा करते थे। शुक्रवार की सुबह जब परिवार के अन्य सदस्य फार्म हाउस पर आए तब उन्होंने देखा कि शहनवाज मृत पड़े हैं। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### नोएडा कमिश्नरेट से 283 पुलिसकर्मी होंगे रिलीव

**नोएडा।** नोएडा कमिश्नरी से 19 नवंबर को एक साथ 283 पुलिसकर्मी रिलीव किए जाएंगे। इनमें छह थानेदार, 47 इंस्पेक्टर, 136 दारोगा और 130 हेड कॉन्स्टेबल हैं। पुलिस उपायुक्त मुख्यालय बबलू कुमार ने इन्हें रिलीव करने के आदेश जारी किए। माना जा रहा है कि रविवार को कमिश्नरी के थानों में बड़े पैमाने पर बदलाव होगा। पुलिस उपायुक्त मुख्यालय बबलू कुमार के ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि स्थनांतरित होने वाले पुलिस कर्मियों को एक साथ 19 नवंबर को कमिश्नरी से रिलीव किया जाएगा। रिलीव होने वाले इंस्पेक्टर में सेक्टर 58 के थाना प्रभारी संजय सिंह का ट्रांसफर लखनऊ कमिश्नरी के लिए, बिसरख के थाना प्रभारी अनिल राजपूत का गाजियाबाद, बादलपुर के प्रभारी ब्रह्म पाल सिंह का आगरा, सेक्टर 63 के प्रभारी अमित मान का आगरा किया गया। इसके अलावा कासना के प्रभारी संतोष कुमार शुक्ल का कानपुर नगर और रबुपुरा के प्रभारी सुधीर कुमार का कानपुर कमिश्नरेट के लिए ट्रांसफर किया है। इसके अलावा 136 दरोगा और 130 हैड कांस्टेबल का भी ट्रांसफर हुआ है, जिन्हें रिलीव किया जाएगा। इनके स्थान पर कमिश्नरी में अन्य जनपदों से स्थनांतरित होकर पुलिसकर्मी पहुंचने लगे हैं।

# नोएडा पुलिस ने काटे 10 हजार गाड़ियों के चालान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



यूपी सरकार के आदेश अनुसार चलाए जा रहे यातायात माह के अंतर्गत यातायात पुलिस ने करीब 10 हजार वाहनों का चालान किए तथा 23 वाहनों को जब्त किया।

पुलिस उपायुक्त (यातायात) अनिल कुमार यादव ने बताया कि यातायात माह के अंतर्गत बिना हेलमेट लगाए वाहन चलाने वाले 3289 लोगों का चालान किया गया जबकि बिना सीट बेल्ट लगाए 156 लोगों का, विपरीत दिशा से वाहन चलाने वाले 367 लोगों का, तीन सवारी बैठकर दोपहिया वाहन चला रहे 58 लोगों का और मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाने वाले 31 लोगों का चालान किया गया। नोएडा पुलिस की ओर से सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा की गई जानकारी के मुताबिक, करीब 5200 ई-चालान जारी किए गए हैं।

# रेव पार्टी मामला: ऑनलाइन ऐप से होता था सांप और उसके जहर का सौदा

## ● बिचौलियों से सिर्फ बातचीत, फार्म हाउस का पता निकाल रही पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



सांप और जहर की तस्करी में पकड़े गए आरोपी राहुल के पास से पुलिस को उसकी डायरी में मिले फोन नंबर, लोकेशन और बिचौलियों के बारे में जानकारी मिली है।

पुलिस जानना चाहती है कि राहुल कभी उन बचौलियों से मिला है कि नहीं जिनके एक फोन पर पार्टी में सांप और वेनम लेकर जाता था। इस बीच कुछ ऐसी सोशल नेटवर्किंग ऐप की जानकारी मिली जिनके जरिए डील होती थी। इसके अलावा वन विभाग के अधिकारी भी पूछताछ कर रहे हैं। ये ऐप गूगल प्ले स्टोर और अन्य नेटवर्किंग प्लेटफार्म पर आसानी से नहीं मिलते। जिसमें डेटा लीक होने का खतरा नहीं होता और इस पर ट्रैफिक कम होता है। वहीं एल्विश ने एक पोस्ट जारी किया। अपने अधूरे शूट के लिए वापस मुंबई पहुंच गया है। जाहिर है कि अब एल्विश और राहुल को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की संभवना कम रह गई है।

वहीं राहुल को एक बार फिर से सेक्टर-51 के हॉल ले जाया जा सकता है। चौंकाने वाली बात ये है कि ये पूरा खेल ऑनलाइन होता था। पार्टी ऑर्गेनाइज करना, उसमें सांप को लाना, बिचौलियों से बातचीत और पैसों की डील सब कुछ ऑनलाइन होता था। यदि किसी ने मिलने के लिए बुलाया भी तो बहुत ज्यादा भरोसा होने के बाद ही राहुल मिलने जाता था।

यही वजह थी कि सांसद मेनका गांधी की संस्था के सदस्य ने अपने स्टिंग की शुरुआत तीन से चार महीने पहले की। इसके बाद लगातार वो उससे वॉट्सऐप कॉल पर बात करते रहे। वीडियो शेयर किए गए।

बहुत ज्यादा भरोसा होने के बाद ही राहुल मिलने को तैयार हुआ। पूछताछ में उसने बताया कि वो मीडिएटर से सिर्फफोन पर बात करता है, उससे मिला नहीं। फोन पर ऑर्डर और पेमेंट आता था इसके बाद बताई गई लोकेशन पर पहुंचकर पार्टी ज्वाइन करता था। पुलिस उससे उन फार्म हाउस की लिस्ट और तारीख ले रही है जिसमें वो पार्टी करने गया। एक पार्टी में कम से कम 7 से 11 सांप, पांच सपेरे ट्रेनर लेकर जाना और महज 31 हजार में डील होना, नोएडा पुलिस को ये बात हजम नहीं हो रही है। पुलिस का मानना है कि राहुल अब भी उनसे कुछ छिपा रहा है। दरअसल, इन रेव पार्टी में नशा और विदेशी युवती सबसे अधिक आती हैं। ऐसे में कई और नाम भी हैं जिनका जल्द खुलासा नोएडा पुलिस करेगी। केस और दीवाली के लिए एल्विश यादव अपने घर हरियाणा आया था। इस दौरान नोएडा पुलिस ने उसे नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया। इसके बाद दोबारा नोटिस जारी किया गया। जिसमें कहा कि जरूरत पड़ने पर दोबारा से पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा। ऐसे में अब एल्विश वापस मुंबई चला गया है।


**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005.

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | गौरीशंकर/ रोशनी/ LBMAT00005051111 | प्लॉट नंबर 73 और 74, खसरा नंबर 361, राधा एन्क्लेव कॉलोनी फेज II, मौजा नरहोली अंदरून, तहसील और जिला मथुरा, उत्तर प्रदेश/ नवंबर 16, 2023 | जून 16, 2023 रु. 6,91,206/- | मथुरा/ दिल्ली/ आगरा |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : नवंबर 18, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.



**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005.

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सीमा सिंह/ एसआरसी टेक्नोसॉफ्ट प्राइवेट लिमिटेड/ रविन्द्र पाल सिंह/ LBDEL00004218515 | मकान नंबर जीए-018, प्लॉट नंबर 3 बिल्डर्स एरिया, सेक्टर पी-6, जीबी नगर, ग्रेटर नोएडा/ नवंबर 14, 2023 | जुलाई 29, 2023 रु. 45,59,886/- | दिल्ली/ एनसीआर & मुरादाबाद |
| 2. | संजय गुलाटी/ रितु गुलाटी/ LBDEL00001992997 | फ्लैट नंबर 1702, 16वीं मंजिल, ब्लॉक-सी, टाइप-ई, लॉजिक्स ब्लॉसम जेस्ट, प्लॉट नंबर जीएच02, सेक्टर-143, नोएडा/ नवंबर 14, 2023 | जुलाई 31, 2023 रु. 18,87,220/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : नवंबर 18, 2023
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.



ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**

[ नियम 8 (6) का परंतुक देखें ]

**चल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत चल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्ज़दार(रों) और गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/ प्रभारित निम्नवर्णित चल सम्पत्ति, जिसका **भौतिक कब्जा** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, "जैसी है जहाँ है", "जैसी है जो भी है" तथा "जो भी वहाँ है" आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी :

| क्र. सं. | कर्ज़दार (रों)/ सह-कर्ज़दारों/ गारंटरों के नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई है | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य धरोहर राशि जमा | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ङ) | (च) | (छ) |
| 1. | श्री कर्मवीर सिंह सेहरावत (कर्ज़दार), निक्को रानी (सह-कर्ज़दार) ऋण खाता संख्या LVDEL00027244098 | मारुति ईको फ्लेक्सी पंजीकरण संख्या : DL1LT1628 निर्माण : 2013 | रु. 6,50,104/- (नवंबर 09, 2023 तक) | रु. 30,000/- रु. 30,000/- | दिसंबर 01, 2023 सु. 11:00 बजे से दोप. 01:00 बजे तक | दिसंबर 26, 2023 को सु. 11:00 से दोप. 01:00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेन्सी **कारदेखो** की वेबसाइट **(URL Link - https://auctions.cardekho.com/#/)** पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती **दिसंबर 22, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अन्तिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस/इन प्रत्याभूत आस्ति/यों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली - 110005** या हमारी मार्केटिंग एजेंट **कारदेखो - गिरनारसॉफ्ट ऑटोमोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड टावर-बी, एम्मार डिजिटल ग्रीन्स, 11वीं मंजिल गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड, बहरामपुर नया, सेक्टर 61, गुरुग्राम, घाटा, हरियाणा 122001** और उसके बाद उन्हें केवल उपर्युक्त वेबसाइट के माध्यम से अपना प्रस्ताव दिनांक **दिसंबर 22, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना होगा। मार्केटिंग एजेन्सी को नीलामी के सम्यक संचालक के लिए नीलामकर्ता के रूप में भी अनुबंधित किया गया है। बयाना राशि का डिमांड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर किसी राष्ट्रीयकृत/ अनुसूचित बैंक से **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में एवं **दिल्ली** में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के निबंधन एवं शर्तों या निविदा जमा कराने के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के मोबाइल नम्बर **8584874809/ 9372730494/ 8126013708** या **कारदेखो 7701827194** पर सम्पर्क करें।

निविदाएँ केवल बैंक/ई-नीलामी विक्रेता पदाधिकारी द्वारा अन्तिम तिथि एवं कट-ऑफ समय से पूर्व, पूर्ण विवरण के साथ प्राप्त एवं पंजीकृत की गई निविदाएँ ही नीलामी हेतु मान्य होंगी।

प्राधिकृत अधिकारी के पास सर्वाधिकार सुरक्षित है, वह बगैर कोई कारण बताए किसी भी बोली या समस्त बोलियों को अस्वीकार कर सकता है।

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु कृपया **www.icicibank.com/n4p4s** सम्पर्क करें।

तिथि : नवंबर 18, 2023
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



**SALE NOTICE**

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS RAJIV DALAL, Case No. TRC/933/2022, OA/459/2019 (DELHI DRT 3) | Vehicle No. HR73A4103, Make and Model - ASHOK LEYLAND LTD AL 3718 IL, Manu Year - 2017 |
| | Vehicle No. HR73A8646, Make and Model - ASHOK LEYLAND LTD AL 3718 IL, Manu Year - 2017 |
| ICICI BANK LTD VS M/S Super Trans Logistics Pvt Ltd., Case No. TRC/102/2023 | Vehicle No. HR38S0108, Make and Model - EICHER 20.16, Manu Year - 2012 |
| | Vehicle No. HR38S0342, Make and Model - EICHER 20.16, Manu Year - 2012 |

**Auction Date: November 24, 2023 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Auction Type: Online Auction**
**Auction Portal Name & URL Link: BidKaro and https://bidkaro.net**
**Contact Person - Swapnil Upadhyay (8126013708) / Rajeev Ranjan (8584874809)**

**Terms of Sale**

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids.
Successfully bidder shall have to deposit sale amount within 5 days from the approval date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT.
The intending bidders may visit at **ICICI Bank Ltd, Shal Tower Plot no. 23, New Rohtak Road, Karol Bagh, Delhi-110005** for details and inspection of the said hypothecated vehicles



**सिद्ध ऑटोमोबाइल्स लिमिटेड**

सीआईएन : एल34102डीएल1985पीएलसी020156
पंजीकृत कार्यालय : आर-13, एस/एफ ग्रेटर कैलाश- I, नई दिल्ली-110048, भारत
ई-मेल : sidhindia1985@gmail.com, वेबसाइट : www.sidhgroup.in
30 सितम्बर, 2023 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध-वर्ष हेतु
अ-लेखापरीक्षित पृथक्कृत वित्तीय परिणामों का विवरण (राशि लाख रू. में)

30 सितम्बर, 2023 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध-वर्ष हेतु अ-लेखापरीक्षित पृथक्कृत वित्तीय परिणामों का विवरण

| विवरण | तिमाही समाप्त 30-09-2023 (अ-लेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 30-09-2022 (अ-लेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31-03-2023 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|
| परिचालन से कुल आय (शुद्ध) | 4.05295 | 4.1025 | 16.3885 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि). (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के पूर्व) | 0.68705 | 0.13232 | 1.15976 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पूर्व (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 0.68705 | 0.13232 | 1.15976 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 0.68705 | 0.13232 | 1.15976 |
| अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है] | 0.68705 | 0.13232 | 1.15976 |
| इक्विटी शेयर पूंजी | 296.23 | 296.23 | 296.23 |
| संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर) | 0 | 0 | 0 |
| प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/-प्रत्येक का) (जारी और बंद प्रचालनों हेतु) (क) मूल : | 0.02 | 0.00 | 0.04 |
| (ख) तनुकृत : | 0.02 | 0.00 | 0.04 |

नोट्स :
1. उपरोक्त परिणाम निदेशक मंडल द्वारा 16 नवम्बर, 2023 को सम्पन्न उनकी बैठक में अभिलेखबद्ध किया गया था।
2. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए 30 सितम्बर, 2023 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध-वर्ष हेतु अलेखापरीक्षित पृथक्कृत वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है।
3. अलेखापरीक्षित वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट (www.bseindia.com) पर तथा कम्पनी की वेबसाइट www.sidhgroup.in पर उपलब्ध है।

कृते एवं हिते निदेशक मंडल
सिद्ध ऑटोमोबाइल्स लिमिटेड
हस्ता./-
(हरि मोहन गुप्ता)
निदेशक
डीआईएन : 03158551

तिथि : 16-11-2023
स्थान : दिल्ली


## ट्रक ने किसान को कुचला, मौत

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में दिल्ली-मेरठ मार्ग पर राज चौपले के पास दोपहर को पांच बजे के आसपास तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पार कर रहे व्यक्ति को कुचल दिया। जिस कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। भोजपुर थानाक्षेत्र के गांव जोया निवासी 52 वर्षीय सुखबीर सिंह परिवार सहित रहते थे। वह उपजिलाधिकारी कोर्ट में तारीख पर आए थे।

वह शाम पांच बजे बाइक से वापस अपने गांव जोया जा रहे थे। वह बाइक को राज चौपले पर बाइक खड़ी करके पैदल ही सड़क पर पार कर रहे थे। इसी बीच मेरठ की और से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह कई फीट उछलकर दूर जा गिरे। आसपास के लोगों ने उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को सूचना दे दी है। वहीं मुरादनगर में दिल्ली मेरठ मार्ग पर आईटीएस कॉलेज के पास पैदल जा रहे एक व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। जिस कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## साहित्य में अमिट छाप छोड़ गए सेरा यात्री

**गाजियाबाद।** वरिष्ठ साहित्यकार सेरा यात्री का निधन हो गया है। उन्होंने कविनगर एफई-7 स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। शुक्रवार दोपहर तीन बजे उनका अंतिम संस्कार हिंडन नदी तट पर विधिविधान के साथ किया गया। उनके अंतिम दर्शन के लिए शहर के गणमान्य लोग हजारों की संख्या में हिंडन तट पर स्थित मोक्ष स्थली पर पहुंचे। उन्होंने 300 से अधिक कहानियों, 32 से अधिक उपन्यास, व्यंग और साक्षात्कार हमेशा साहित्य की दुनिया को रोशन करता रहेगा। सेरा यात्री का जन्म 10 जुलाई 1932 को मुजफ्फरनगर जनपद के गांव जड़ौदा में हुआ था।

हिंदी भाषा में एमए करने के पश्चात उन्होंने राजनीतिक शास्त्र से भी स्नातक किया। उसके बाद से साहित्य की दुनिया से जुड़ गए। साप्ताहिक हिंदुस्तान, धर्मयुग, ज्ञानोदय, कादम्बिनी, सारिका, साहित्य अमृत, साहित्य भारती, रविवार देश की तमाम पत्र पत्रिकाओं में उन्होंने विगत 50 वर्षों में अपनी लेखनी से अमूल्य योगदान दिया।

# आरआरटीएस कनेक्ट ऐप पर मिलेगी वन -टैप टिकट बुकिंग

## ● यात्रा के दौरान गंतव्य स्थान बदल सकेंग यात्री

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



नमो भारत ट्रेनों में यात्रा को और भी सुविधाजनक बनाने के लिए एनसीआरटीसी द्वारा आरआरटीएस कनेक्ट मोबाइल ऐप के माध्यम से वन-टैप टिकटिंग की सुविधा मिल रही है। जो अपने तरीके की विश्व की पहली ऐसी सुविधा है।

यह अपने आप में एक ऐसा अनोखा फीचर है, जो यात्रियों को आरआरटीएस स्टेशन परिसर के 300 मीटर के दायरे में कहीं से भी, केवल एक टैप से, आरआरटीएस कनेक्ट ऐप पर यात्रा के लिए क्यूआर कोड जनरेट करने की आजादी देगा। इस फीचर की मदद से यात्री को अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचने के लिए क्यूयार कोड जनरेट करने हेतु न ही तो ऐप में गंतव्य स्थान लिखने और न ही यात्रा के लिए एडवांस टिकट बुक करने की जरूरत है।

सिर्फ ऐप में वन टैप बूकिंग पर क्लिक करते ही यात्रा के लिए क्यूआर टिकिट जेनेरेट हो जाएगा। वर्तमान समय में लोगों के पास समय की कमी है और लोग इतने व्यस्त हैं कि उनका शेड्यूल कभी-कभी उन्हें पहले से यात्रा की योजना बनाने की अनुमति नहीं देता है। ऐसी परिस्थिति में निर्बाध और परेशानी मुक्त यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के एनसीआरटीसी के प्रयासों के अनुरूप, यह पहल यात्रियों को सहजता से यात्रा करने की सुविधा प्रदान करेगी और यात्रा के दौरान बिना किसी दुविधा के यात्री अपना गंतव्य स्थान भी बदल सकेंगे।

यह इनोवेटिव वन-टैप बुकिंग सुविधा यात्रियों के लिए टिकटिंग प्रक्रिया को तेज और सुविधाजनक बनाती है। इससे टिकट खरीदने की प्रक्रिया में डिजिटल क्यूआर कोड जेनेरेट करने हेतु ऐप में न ही प्रस्थान स्टेशन और न ही गंतव्य स्टेशन का चयन करने की आवश्यकता होगी। आम तौर पर, ऐसे किसी भी ऐप को यात्रा की शुरुआत में प्रस्थान और गंतव्य चयन की आवश्यकता होती है, जिससे यात्रा के दौरान गंतव्य स्थान नहीं बदला जा सकता। उयात्रियों को इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए अपने ई-वॉलेट को मोबाइल एप्लिकेशन से लिंक करना होगा।